# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## बारहवां सत्र

## लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

## वीरवार, 03 सितम्बर, 2026/12, भाद्रपद, 1948 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 42**

----

**श्मशान घाट**

1910 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत घागस पुल के पास तथा बरमाणा में बनाए गए श्मशान घाटों हेतु धनराशि किस मद से दी गई है तथा इनकी लागत (प्रति श्मशान घाट) कितनी है; और

(ख) इनकी एम0बी0 किसने भरी व कितनी धनराशि व्यय हुई; एम0बी0 की कॉपी सहित ब्यौरा दें; श्मशान घाट का निर्माण करने वाले ठेकेदार के नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

----

## शराब ठेकों का संचालन

1911 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश सरकार द्वारा कुछ शराब ठेकों की बिक्री/संचालन का कार्य हिमाचल प्रदेश राज्य वन निगम को सौंपा गया था; यदि हां, तो किन-किन स्थानों पर वन निगम द्वारा शराब की बिक्री की गई तथा कितने ठेके /वेंड वन निगम के माध्यम से संचालित किए गए; जिला एवं वन मण्डलवार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में वन निगम द्वारा की गई शराब की बिक्री से कितनी धनराशि प्राप्त हुई तथा शराब की खरीद, कर्मचारियों के वेतन, परिवहन, दुकान का किराया एवं अन्य खर्चों पर कितनी धनराशि व्यय की गई; मदवार ब्यौरा दें; और

(ग) शराब बिक्री से सरकार/वन निगम को कितना लाभ अथवा नुकसान हुआ; ब्यौरा लाभ व नुकसान का धनराशिवार तथा वन मण्डलवार दें?

----

## धनराशि

1912 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश सरकार को विभिन्न मदों/योजनाओं के तहत उपलब्ध करवाई गई धनराशि का मदवार व वर्षवार ब्यौरा दें;

(ख) केंद्र सरकार से प्राप्त धनराशि में से प्रदेश सरकार द्वारा कितनी धनराशि किस-किस मद/योजना के तहत व्यय की गई तथा कितनी अभी शेष/लंबित है; विभागवार व वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ग) प्राप्त धनराशि में से कितनी का उपयोग नहीं किया गया तथा इसके क्या कारण हैं; शेष धनराशि के उपयोग की प्रस्तावित योजना एवं समय-सीमा का ब्यौरा दें?

----

## जल जीवन मिशन

1913 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत जल जीवन मिशन तथा विश्व बैंक से वित्तपोषित जल परियोजनाओं के अंतर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत एवं प्राप्त हुई, कितनी व्यय की गई व कितनी शेष है;

(ख) इस धनराशि में से किन-किन पेयजल योजनाओं/कार्यों को स्वीकृति दी गई; प्रत्येक योजना का नामवार, स्थानवार, पंचायतवार, स्वीकृत धनराशि, व्यय व कितनी शेष है; ब्यौरा दें; और

(ग) इन योजनाओं से कितने गांवों/परिवारों को नल से पेयजल की सुविधा प्राप्त हुई तथा कितने गांव/परिवार इस लाभ से वंचित हैं; स्थानवार ब्यौरा दें?

----

## राहत धनराशि

1914 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में एन0डी0आर0एफ0 एवं एस0डी0आर0एफ0 के तहत आपदा प्रभावित परिवारों को राहत एवं सहायता प्रदान करने हेतु कितनी धनराशि प्राप्त हुई तथा कितनी वितरित/व्यय की गई तथा कितनी शेष है; और

(ख) कितने व्यक्तियों/परिवारों को लाभ प्रदान किया गया; लाभार्थी का नामवार, पंचायतवार, स्थानवार व सहायता की धनराशि सहित ब्यौरा दें?

----

## सड़क मरम्मत

1915 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं नाबार्ड के तहत सड़क मरम्मत हेतु सड़कवार/स्थानवार कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; प्रति किलोमीटर स्वीकृत धनराशि सहित ब्यौरा

दें;

(ख) इस अवधि में स्वीकृत कार्यों में से कितना कार्य पूर्ण किए गए व कितने शेष हैं; सड़कवार स्वीकृत, व्यय एवं शेष धनराशि का ब्यौरा दें; और

(ग) इन सड़कों के मरम्मत कार्य किन-किन ठेकेदारों को आबंटित किए गए; सड़कवार ठेकेदारों के नाम, कार्य के नाम, स्वीकृत लागत, व्यय धनराशि एवं अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

## शिक्षा व्यवस्था में सुधार

1916 **डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार मानसून एवं प्राकृतिक आपदाओं से प्रदेश भर में क्षतिग्रस्त हुए विद्यालयों के भवनों का केवल मरम्मत कार्य करवाने के बजाय आपदा रोधी विद्यालय भवन बनाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो विशेष रूप से जिला चम्बा एवं चुराह जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसे विद्यालय, जहां बच्चों को बरसात के दौरान नालों एवं जोखिम भरे रास्तों से होकर पहुंचना पड़ता है, वहां सुरक्षित भवन, संपर्क मार्ग तथा वैकल्पिक शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## दोगुनी लागत

1917 **डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश में सेब सीजन शुरू होते ही पैकिंग सामग्री (कार्टन ट्रे) व पैकिंग मजदूरी दरों में लगातार वृद्धि से बागवानों की लागत दोगुनी हो गई है; यदि हां, तो सरकार इस समस्या से निपटने हेतु क्या पग उठा रही है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## बागवानों को राहत

1918 **डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के किन-किन जिलों में सेब एवं अन्य बागवानी फसलों को ओलावृष्टि व प्राकृतिक आपदाओं से भारी नुकसान हुआ है; क्या सरकार प्रभावित बागवानों को उपयुक्त राहत राशि उपलब्ध करवाने का विचार रखती है;

यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण सहित जिलावार ब्यौरा दें?

----

**Leave Travel Concession**

1919 **Sh. Inder Dutt Lakhanpal (Barsar):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what are the rules for the employees of the State to avail LTC; Copy of the same be laid on the Table of the House;

(b) what is the minimum service required to avail the LTC facilities in the State; and

(c) whether claims are allowed to the employees of the State for road journeys by bus/taxi or other vehicles operated by private operators/ travel agents; details be given?

----

**पाठशालाएं**

1920 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में सरकार द्वारा कितनी पाठशालाओं/विद्यालयों को बंद किया गया; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें;

(ख) बंद पड़ी पाठशालाओं/विद्यालयों के जिन भवनों का स्वामित्व शिक्षा विभाग के पास है, क्या वे खाली पड़े हैं;

(ग) यदि नहीं, तो इनका किस प्रयोजन हेतु उपयोग किया जा रहा है; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें; और

(घ) प्रदेश में कौन-कौन सी पाठशालाएं/विद्यालय भवन रहित हैं; क्या सरकार इनके लिए स्थायी भवन निर्माण का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

----

**HP Tenancy & Land Reforms Act**

1921 **Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):**

Will the **Revenue Minister** be pleased to state :-

(a) how many cases of violation of Section-118 of HP Tenancy & Land Reforms Act, 1972 relating to Patwar Circle Bohli and Barog, Tehsil & District

Solan, are pending and since when; and

(b) copies of the inquiry reports submitted by Tehsildar/Naib Tehsildar together with annexures be laid on the Table of the House?

----

## व्यय

1922 **श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश सचिवालय में माननीयों के कार्यालयों हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई; मुख्य मंत्री, मंत्रियों व अन्य राजनीतिक सलाहकारों एवं निगम, बोर्डों के कार्यालयों का ब्यौरा नाम एवं धनराशि सहित दें?

----

## नई मस्जिदों का निर्माण

1923 **श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में कितनी नई मस्जिदों का निर्माण किया गया व कितनी निर्माणाधीन हैं; ब्यौरा दें?

----

## मुआवजा राशि

1924 **श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित व्यक्तियों/परिवारों को सरकार द्वारा अपने कोष से कितनी मुआवजा राशि प्रदान की गई; इस अवधि में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित व्यक्तियों/परिवारों का वर्षवार, जिलावार एवं संख्यावार तथा इन्हें प्रदान की गई मुआवजा राशि का ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि के दौरान प्राकृतिक आपदा से प्रभावित ऐसे कितने व्यक्ति/परिवार हैं, जिन्हें सरकार द्वारा स्वीकृत मुआवजा अथवा सहायता राशि प्रदान नहीं की गई है; ब्यौरा दें?

----

## पी0एच0सी0 मरवाड़ी

1925 **श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि गगरेट विधान सभा निर्वाचन के अंतर्गत पी0एच0सी0 मरवाड़ी के भवन निर्माण हेतु भूमि संबंधित विभाग को आबंटित कर दी गई है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा व इस पर कितनी धनराशि व्यय होगी; ब्यौरा दें ?

----

## श्रम शक्ति का अनुपात

1926 **श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में श्रम शक्ति का अनुपात किस आधार पर निर्धारित किया गया है; क्या वर्तमान श्रम शक्ति विभागों की आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त है; यदि नहीं, तो श्रम शक्ति के निर्धारण हेतु सरकार द्वारा कौन-कौन से मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं; क्या सरकार द्वारा विभागवार श्रम शक्ति की समीक्षा अथवा पुनर्निर्धारण किया जाता है; ब्यौरा दें?

----

## बकाया धनराशि

1927 **श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के आबकारी विभाग में कितनी धनराशि बकाया है एवं कितनी की वसूली लंबित है; शेष धनराशि की वसूली हेतु सरकार द्वारा क्या कार्रवाई व समयबद्ध कार्य योजना निर्धारित की गई है; ब्यौरा दें?

----

## श्री नैना देवीजी मंदिर न्यास

1928 **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक श्री नैना देवीजी मंदिर न्यास द्वारा कितनी निविदाएं रद्द की गईं; रद्द की गई प्रत्येक निविदा के कार्य का नाम, अनुमानित/निविदा धनराशि एवं रद्द करने का कारण सहित ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में मंदिर न्यास द्वारा कौन-कौन से विकास कार्य शुरू किए गए हैं; प्रत्येक

कार्य का नाम, स्वीकृत धनराशि, निविदा की तिथि, अवार्ड की तिथि, संबंधित ठेकेदार का नाम तथा अद्यतन स्थिति का कार्यवार ब्यौरा दें; और

(ग) मंदिर न्यास के 40 वर्ष पूर्ण होने पर न्यास द्वारा आयोजित समारोह पर कितनी धनराशि व्यय की गई तथा कितनी श्रद्धालुओं से एकत्रित हुई; ब्यौरा नामवार तथा एकत्रित धनराशि सहित दें?

----

## बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी

1929 **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी)**:

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि डॉ0 वाई0 एस0 परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के मैनेजमेंट बोर्ड का पुनर्गठन किया गया है; यदि हां, तो उसमें नामित सदस्यों की सूची, नाम, पते व योग्यतावार ब्यौरा दें; और

(ख) इन सदस्यों के चयन हेतु क्या मापदंड तथा प्रक्रिया अपनाई गई; ब्यौरा दें?

----

## जोबरंग पुल

1930 **कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति)**:

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि लोक निर्माण विभाग के मण्डल चिनाव के अंतर्गत जोबरंग पुल की क्या स्थिति है; सरकार एवं प्रशासन इस पुल के बचाव तथा वैकल्पिक पुल के निर्माण हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें ?

----

## विशेष राहत पैकेज

1931 **कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति)**:

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वर्ष, 2025 की आपदा के उपरांत सरकार द्वारा विशेष राहत पैकेज लागू किया गया था; और

(ख) यदि हां, तो लाहौल और स्पिति विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत क्या इन आपदा मामलों के तहत विशेष राहत पैकेज से मुआवजा मिल चुका है; यदि नहीं, तो प्रभावितों को मुआवजा कब तक प्रदान कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## एल0पी0जी0

1932 **कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एल0पी0जी0 की आपूर्ति वितरण में केन्द्र सरकार द्वारा जारी मापदंडों के अनुसार प्रदेश के शहरी क्षेत्रों हेतु 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों हेतु 45 दिन निर्धारित किए गए हैं; यदि हां, तो इन मापदंडों में रियायत दिलवाने तथा आपूर्ति को पूर्व अनुसार बनाए रखने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## विद्यालय

1933 **श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पी0एम0 श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ को छात्रों की संख्या के अनुसार क्या इसे छात्र एवं कन्या राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नहीं किया जा सकता है; ब्यौरा दें?

----

## राजगढ़-सोलन सड़क

1934 **श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित राजगढ़-सोलन सड़क जोकि नगर पंचायत राजगढ़ के अंतर्गत बनाई गई थी; लेकिन राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार सड़क के दोनों ओर चिन्हित स्थान अन्य जगहों पर दर्शाए गए थे; लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़क किसी अन्य भूमि पर बनाई गई है; और

(ख) यदि हां, तो लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग इसे दुरुस्त करने का विचार रखता है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## एल0डी0आर0 भर्ती

1935 **श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि विद्यालय प्रबंधन समिति के तहत नियुक्त प्रवक्ताओं की एल0डी0आर0 के तहत जो प्रवक्ताओं की परीक्षा करवाई जानी थी वह कब तक करवाई जाएगी; यदि नहीं, तो कारण?

----

## सड़क निर्माण

1936 **श्री लोकेन्दर कुमार** (**आनी**) :

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बौ के वंचित गांवों तथा बड़ीधार के ठांस, नौणी एवं तिरमिधार को सड़क से जोड़ने हेतु पूर्ण औपचारिकताएं, प्रस्तावित कार्य, लंबाई, स्वीकृत धनराशि एवं सड़क सुविधा उपलब्ध कराने की समय-सीमा का ब्यौरा दें;

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बैहना जीरो प्वाइंट—तिहनी—दलाश—कण्डागई, पटारना, पुन्नन खड्डु जीरो प्वाइंट—गाड़-डीम एवं कण्डागई—काथला सड़कों की अद्यतन स्थिति तथा पक्कीकरण हेतु डी0पी0आर0, स्वीकृति, अनुमानित लागत एवं गत तीन वर्षों में स्वीकृत/जारी धनराशि का ब्यौरा दें; गत मानसून से हुई क्षति एवं मरम्मत की समय-सीमा क्या है;

(ग) इस क्षेत्र के सैंज—लुहरी—आनी—जलोड़ी—बंजार—औट मार्ग का चौड़ीकरण कब तक होगा; एन0एच0-305 के आनी—सैंज एवं सैंज—कंडुगाड़ की डी0पी0आर0, स्वीकृति, निविदा एवं कार्य प्रारंभ की स्थिति तथा एन0एच0-305 के 97 कि0मी0 हिस्से को दो-लेन मानकों पर विकसित करने हेतु केंद्र/प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत धनराशि का ब्यौरा दें;

(घ) शमशर—चलोहन, चौराधार—पनेऊ, शमशर—पनई एवं रोहाछड़ा—वालू सड़कों की पी0एम0जी0एस0वाई0 निविदा, कार्यादेश, ठेकेदार एवं वर्तमान स्थिति का ब्यौरा दें; और

(ङ) दोगरी मोड़—भोजुपानी सड़क की लंबाई, डी0पी0आर0, अनुमानित लागत, प्रशासनिक/तकनीकी स्वीकृति, भूमि/वन स्वीकृतियां, स्वीकृत/व्यय धनराशि एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष का प्रावधान क्या है; निविदा एवं कार्य आरंभ की स्थिति तथा पूर्णता की समय-सीमा का ब्यौरा दें?

----

## पेयजल योजनाएं

1937 **श्री लोकेन्दर कुमार** (**आनी**) :

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत लोट, दुराहा, शिली, नित्थर, तांदी एवं अन्य सूखाग्रस्त पंचायतों में सिंचाई से वंचित गांवों की संख्या/नाम तथा उन्हें सिंचाई सुविधा देने हेतु प्रस्तावित योजनाओं, स्वीकृति एवं कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है;

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र की ग्राम पंचायत मातल के ओलावा, निशानी, डमोगीधार, दशोग, चमारला, अरथा एवं चोई गांवों हेतु प्रस्तावित उठाऊ पेयजल योजना की अनुमानित लागत, स्वीकृति, आवश्यक औपचारिकताएं एवं अद्यतन स्थिति क्या है;

(ग) इस क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोटासेरी के खैनबी, जरपानवी, देऊरीधार एवं खाडा नाल गांवों हेतु खैमटु नाला से पेयजल योजना की अद्यतन स्थिति क्या है; यदि प्रस्तावित नहीं है, तो स्थायी समाधान की क्या योजना है;

(घ) इस निर्वाचन क्षेत्र में जल शक्ति विभाग के मंडल, उप-मंडल एवं वृत्त कितने हैं तथा इनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत, कार्यरत एवं कब से रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें;

(ङ) आनी एवं निरमंड विकास खंडों में संचालित पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं की संख्या, स्वीकृत लागत, व्यय एवं लाभान्वित आबादी का ब्यौरा दें; और

(च) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत पेयजल/सिंचाई कार्यों की योजनावार प्रगति, जारी धनराशि, व्यय एवं पूर्णता की निर्धारित तिथि का ब्यौरा दें?

----

## सड़क निर्माण

1938 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी)** :

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-305 के लूहरी पुल की वर्तमान तकनीकी/संरचनात्मक स्थिति, यातायात क्षमता एवं सुरक्षा स्थिति क्या है; इसकी मरम्मत, सुदृढ़ीकरण व पुनर्निर्माण हेतु क्या कार्रवाई की गई है;

(ख) क्या लूहरी में वर्तमान पुल के स्थान पर समानांतर वैकल्पिक पुल का निर्माण प्रस्तावित है; यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है;

(ग) चवाई जीरो प्वाइंट—डूघा सड़क की लंबाई, पक्की/कच्ची स्थिति, रख-रखावकर्ता विभाग तथा लाभान्वित गांव/आबादी का ब्यौरा दें; पक्कीकरण की अद्यतन स्थिति स्वीकृत धनराशि सहित दें;

(घ) एन0एच0-305 (सैंज—जलोड़ी जोत) की अद्यतन स्थिति तथा गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक रख-रखाव, टारिंग, ड्रेनेज, सुरक्षा दीवार एवं भूस्खलन उपचार पर वर्षवार/स्थानवार स्वीकृत एवं व्यय धनराशि का ब्यौरा दें;

(ङ) नगान—कराणा, बढ़ेरी—डवाहा एवं कुशवा—रोपड़ी सड़कों की लंबाई, पक्की/कच्ची स्थिति, रख-रखाव विभाग तथा इस अवधि में मरम्मत/ब्लैक टॉपिंग पर व्यय धनराशि का सड़कवार ब्यौरा दें;

(च) शरठी—नाग रीखी मंदिर अडशी संपर्क मार्ग की सर्वेक्षण/डी0पी0आर0/स्वीकृति एवं अनुमानित लागत तथा दलाश—जाजर—लूहरी सड़क चौड़ीकरण की प्रगति, स्वीकृत/ व्यय धनराशि, विलंब के कारण एवं पूर्णता समय-सीमा क्या है;

(छ) तेशन—डगान नाला (कुंगश) प्रस्तावित सड़क की वैधानिक/प्रशासनिक स्वीकृतियां, प्रस्तावित लागत एवं निर्माण की समय-सीमा क्या है; और

(ज) देवढांक—केदस, कुंडाकोड—पुजारली एवं ब्लॉक कैंची—भालसी सड़कों की अद्यतन स्थिति, मरम्मत/पक्कीकरण एवं गड्ढा सुधार हेतु प्रस्तावित कार्य, गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक व्यय धनराशि तथा कार्य आरम्भ/पूर्ण करने की समय-सीमा का ब्यौरा दें?

----

## रिक्त पद

1939 **श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में स्वीकृत एवं रिक्त पदों का विद्यालयवार ब्यौरा दें; इनमें रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; और

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विद्यालय भवनों, अतिरिक्त कक्षों एवं मरम्मत कार्यों पर कितना व्यय किया गया तथा लंबित निर्माण कार्यों को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

## प्रदूषण की रोकथाम व नियंत्रण

1940 **श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है; यदि हां, तो गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा इस क्षेत्र में प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु कितने निरीक्षण किए गए तथा होटल, होम-स्टे, रेस्टोरेंट, उद्योग एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कोई नोटिस/ कार्रवाई की गई है; यदि हां,तो संस्थानवार ब्यौरा दें;

(ख) सरकार द्वारा व्यास नदी एवं इसकी सहायक धाराओं में सीवेज एवं अन्य अपशिष्ट के प्रवाह, निर्माण कार्यों से निकलने वाले मलबे तथा ठोस कचरे की रोकथाम हेतु क्या कोई विशेष निगरानी व्यवस्था की गई है; और

(ग) क्या सरकार मनाली क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या को देखते हुए सीवेज ट्रीटमेंट, ठोस

कचरा प्रबंधन एवं प्रदूषण की नियमित मॉनिटरिंग को और सुदृढ़ करने हेतु कोई विशेष कार्य योजना बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## नन्द नगरांव - छंजोटी पुल

1941 **श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नन्द नगरांव-छंजोटी पुल का निर्माण कार्य कब आरंभ हुआ तथा इस हेतु कितनी धनराशि किस मद/शीर्ष के तहत स्वीकृत थी; इस पुल का कितना निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है व इसकी अद्यतन स्थिति क्या है तथा इसे जनता को कब तक समर्पित कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण

1942 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि तहसील कसौली, जिला सोलन में बाबा जोहड़ जी औषधालय के भवन का निर्माण कार्य कब तब आरम्भ कर दिया जाएगा?

----

## भवन निर्माण कार्य

1943 **श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) डलहौजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के विकास खंड सलूणी के अंतर्गत ग्राम पंचायत सीयूला के 'सीयूला' गांव में स्वीकृत आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी के भवन निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) इस भवन निर्माण हेतु सरकार द्वारा कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी तथा इसमें से कितनी व्यय की जा चुकी है; और

(ग) इस भवन के निर्माण कार्य को कब तक पूर्ण कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा; समय-सीमा का ब्यौरा दें?

----

## बी0एड0 कक्षाएं

1944 **श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि आकांक्षी जिला चम्बा में कोई भी सरकारी बी0एड0 संस्थान संचालित नहीं है तथा राजकीय महाविद्यालय सलूणी में बी0एड0 की कक्षाएं शुरू करने हेतु पर्याप्त बुनियादी ढांचा तथा आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार कब तक इस अति दूर-दराज क्षेत्र के छात्रों के हितों के मद्देनज़र सलूणी महाविद्यालय में बी0एड0 की कक्षाएं शुरू करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा

1945 **श्री मलेन्द्र राजन (इन्दौरा):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2026 तक प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा कौन-कौन से पग उठाए गए हैं तथा कितने किसान प्राकृतिक खेती से जुड़े हैं; उन्हें गेहूं, मक्की एवं अन्य प्राकृतिक कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य/ सरकारी खरीद का कितना लाभ मिला है; जिलावार ब्यौरा दें; और

(ख) जिला कांगड़ा में प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों की संख्या कितनी है एवं इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के किसानों को इसका लाभ बढ़ाने हेतु विभाग द्वारा क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है?

----

## इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना

1946 **श्री मलेन्द्र राजन (इन्दौरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के तहत प्रदेश में कितने बच्चों को लाभान्वित तथा उच्च शिक्षा एवं अन्य सहायता के रूप में कितनी धनराशि प्रदान की गई; जिलावार ब्यौरा दें; और

(ख) इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के कितने बच्चे इस योजना का लाभ ले रहे हैं; क्या सरकार इस निर्वाचन क्षेत्र में पात्र बच्चों की पहचान के लिए विशेष शिविर लगाने का विचार रखती है?

----

## अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, तकीपुर

1947 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि कांगड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, तकीपुर में विभिन्न शिक्षण एवं गैर-शिक्षण पद रिक्त हैं; यदि हां, तो इस महाविद्यालय में विषयवार स्वीकृत शिक्षण पदों की संख्या कितनी है तथा वर्तमान में कितने पद कार्यरत व कितने रिक्त हैं; विषयवार ब्यौरा दें;

(ख) इस महाविद्यालय में स्वीकृत गैर-शिक्षण पदों की संख्या कितनी है तथा उनमें से वर्तमान में कितने पद भरे व कितने रिक्त हैं; पदवार ब्यौरा दें;

(ग) वर्तमान शैक्षणिक सत्र में इस महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या कितनी है; कक्षा एवं संकायवार ब्यौरा दें; और

(घ) रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई तथा इन्हें भरने की संभावित समय-सीमा क्या है; ब्यौरा दें?

----

## करुणामूलक आधार पर रोज़गार

1948 **श्री विवेक शर्मा (विक्कू) (कुटलैहड़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार आंगनबाड़ी तथा आशा वर्कर कार्यकर्ताओं के आश्रितों को करुणामूलक आधार पर रोज़गार प्रदान करने का विचार रखती है; यदि हां,तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## पेयजल योजनाएं

1949 **श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2026 तक धर्मशाला विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत तैयार 6 प्रमुख पेयजल योजनाओं में केवल 1 स्वीकृत हुई तथा 4 नाबार्ड द्वारा वित्तीय सीमा समाप्त होने पर वापिस कर दी गईं तथा 1 योजना धनराशि के अभाव में स्वीकृत नहीं हुई है; यदि हां, तो शेष 5 योजनाओं के लंबित रहने के कारणों सहित ब्यौरा दें;

(ख) वित्तीय सीमा/धनराशि के अभाव से प्रदेश में कितनी पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं; जिला एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें;

(ग) इन योजनाओं की पुनः स्वीकृति/वैकल्पिक वित्तपोषण हेतु सरकार द्वारा किए गए प्रयास, प्रत्येक योजना की स्वीकृति एवं कार्य आरम्भ करने की संभावित समय-सीमा तथा उत्तरदायी अधिकारियों की जवाबदेही का ब्यौरा दें; और

(घ) स्वीकृत रामनगर—श्यामनगर पेयजल योजना का लगभग 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है; यदि हां, तो शेष कार्य की वर्तमान स्थिति एवं इसे पूर्ण करने की निर्धारित समय-सीमा क्या है?

----

## चिकित्सा उपकरण

1950 **श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों, क्षेत्रीय (जोनल) अस्पतालों एवं जिला अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों के रख-रखाव एवं मरम्मत हेतु नेक्स्ट ज़ेन कंपनी के साथ किया गया सी0एम0सी0/ए0एम0सी0 (Comprehensive Maintenance Contract/Annual Maintenance Contract) अनुबंध समाप्त हो चुका है;

(ख) यदि हां, तो इस अनुबंध के समाप्त होने की तिथि एवं समाप्ति के कारणों का ब्यौरा क्या है; क्या अनुबंध समाप्त होने के कारण प्रदेश के अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों के नियमित रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य प्रभावित हुए हैं; यदि हां, तो अस्पतालवार खराब अथवा बंद पड़े चिकित्सा उपकरणों का ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार द्वारा नए सी0एम0सी0/ए0एम0सी0 अनुबंध अथवा निविदा प्रक्रिया आरंभ करने हेतु क्या कार्रवाई की गई है; प्रक्रिया के पूर्ण होने की संभावित समय-सीमा क्या है; मरीजों को निर्बाध चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु सरकार द्वारा की गई वैकल्पिक व्यवस्थाओं का ब्यौरा दें?

----

## क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला

1951 **श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला)** ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला में चिकित्सकों के विभाग/श्रेणी/विशेषज्ञतावार स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों का ब्यौरा दें; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा;

(ख) यह सत्य है कि इस अस्पताल के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सक का पद रिक्त पड़ा है; यदि हां, तो इस रिक्ति का कारण तथा यह पद कब तक भर दिया जाएगा;

(ग) क्या क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला के भवन की तकनीकी/संरचनात्मक सुरक्षा जांच

करवाई गई है; यदि हां, तो जांच रिपोर्ट, प्रमुख निष्कर्ष एवं भवन की वर्तमान सुरक्षा स्थिति का ब्यौरा दें; और

(घ) इस भवन के जीर्णोद्धार, मरम्मत, सुदृढ़ीकरण अथवा पुनर्निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत, जारी एवं व्यय की गई; कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

**शिमलाः 171004.** **यशपाल शर्मा,**

**31 अगस्त, 2026.** **सचिव**